# UPSSSC PET 2023

## Solved Paper - 29 October 2023, Shift 1

| | |
|---|---|
| **Exam:** | UP Preliminary Eligibility Test (PET) |
| **Conducting body:** | UPSSSC (UP Subordinate Services Selection Commission) |
| **Exam date:** | 29.10.2023 |
| **Maximum marks:** | 100 |
| **Duration:** | 2 hours |
| **Document:** | Solved Paper |

**FREE DOWNLOAD**

This document is made available for free educational use.
Visit globaldrishti.in for more exam notifications, results and study material.

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2023
## उत्तर कुंजी

| QP Set – HJ5 | परीक्षा तिथि : 29.10.2023 (प्रथम पाली) | QP Code – 5219 |
|---|---|---|

**1.** वेद के अंतिम भाग को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

**उपनिषद्**

The concluding part of the Veda is known by which of the following names ?

**Upanishad**

**2.** मुगल सम्राट बाबर ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर राणा सांगा और उनके सहयोगियों को हराया था ?

**खानवा**

Mughal Emperor Babur had defeated Rana Sanga and their allies at which of the following places ?

**Khanua**

**3.** निम्नलिखित मराठा प्रमुखों का उनके क्षेत्रों के संबंध से मिलान करें :

(i) सिंधिया (a) इंदौर
(ii) होलकर (b) नागपुर
(iii) गायकवाड़ (c) उज्जैन
(iv) भोंसले (d) बड़ौदा

Match the following Maratha Chiefs with respect to their regions :

(i) Sindhia (a) Indore
(ii) Holkar (b) Nagpur
(iii) Gaekwad (c) Ujjain
(iv) Bhonsle (d) Baroda

**(i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)**

**4.** निम्नलिखित में से किस बौद्ध स्थल पर महिलाओं को पहली बार संघ में नियुक्त किया गया था ?

**वैशाली**

At which of the following Buddhist sites women were ordained into the Sangha for the first time ?

**Vaishali**

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **5.** | बुरहानपुर में स्थित असीरगढ़ किला जिसे "दक्खन का दरवाजा" के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस यदुवंशी अहीर राजा द्वारा बनवाया गया था ?<br>**आसा अहीर**<br>Asirgarh fort located in Burhanpur is known as "Dakkhan ka Darwazza" was built by which of the following Yaduvanshi Ahir King ?<br>**Asa Ahir** | |
| **6.** | मोतीलाल तेजावत भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे। वह भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित थे ?<br>**राजस्थान**<br>Motilal Tejawat was a famous personality during the Indian National Movement. He belonged to which of the following regions of India ?<br>**Rajasthan** | |
| **7.** | निम्नलिखित में से कौन सा 1892 के सुधारों का विस्तार था ?<br>**1909 का परिषद् अधिनियम**<br>Which of the following was an extension of the 1892 reforms ?<br>**The Council Act of the 1909** | |
| **8.** | 1920 में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहला किसान मार्च किसके द्वारा आयोजित किया गया था ?<br>**जवाहरलाल नेहरू**<br>The first Kisan March in Pratapgarh District of Uttar Pradesh in 1920 was organised by whom ?<br>**Jawaharlal Nehru** | |
| **9.** | निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में "मंडी षड्यंत्र" हुआ ?<br>**गदर पार्टी**<br>"Mandi Conspiracy" took place under the leadership of which of the following ?<br>**Ghadar Party** | |
| **10.** | निम्नलिखित में से किसने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान 16 अगस्त, 1946 को "प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस" मनाया था ?<br>**मुस्लिम लीग**<br>Who among the following had celebrated "Direct Action Day" on 16th August 1946 during the Indian National Movement ?<br>**The Muslim League** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

11. 2021-22 तक भारत में 1319 रिपोर्टेड (प्रतिवेदित) खदानें हैं, इनमें से सबसे अधिक 263 खदानें भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित हैं ?

**मध्य प्रदेश**

There are 1319 reported mines in India as on 2021-22, out of these highest 263 mines are located in which of the following states of India ?

**Madhya Pradesh**

12. निम्नलिखित नदियों को उन राज्यों के आधार पर सुमेलित करें जिनमें वे बहती हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कामेंग | (a) | ओडिशा |
| (ii) | बैतरणी | (b) | महाराष्ट्र |
| (iii) | गिरना | (c) | छत्तीसगढ़ |
| (iv) | हसदेव | (d) | असम |

Match the following rivers with respect to the states in which they flow :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Kameng | (a) | Odisha |
| (ii) | Baitarani | (b) | Maharashtra |
| (iii) | Girna | (c) | Chhattisgarh |
| (iv) | Hasdeo | (d) | Assam |

**(i)-(d), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(c)**

13. चबीमुरा, जो कि गोमती नदी के तट पर खड़ी पहाड़ी दीवार पर चट्टान पर की गई नक्काशी के पैनलों के लिए प्रसिद्ध है, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?

**त्रिपुरा**

Chabimura is famous for its panels of rock carvings on the steep mountain wall on the bank of river Gomati, is located at which of the following states/UTs of India ?

**Tripura**

14. "लेक तुर्काना" दुनिया की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील है, यह दुनिया के निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

**केन्या**

"Lake Turkana" is the largest desert lake in the world, it is situated in which of the following countries of the world ?

**Kenya**

15. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 1936 में पहली बार भारत के वन प्रकारों का वर्गीकरण किया गया था ?

**सर एच.जी. चैंपियन**

The forest types of India were classified for the first time in 1936 by whom among the following ?

**Sir H.G. Champion**

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **16.** | भारत में राष्ट्रव्यापी जीएसटी का विचार निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था ?<br>**केलकर टास्क फोर्स**<br>The idea of nationwide GST in India was proposed by whom among the following ?<br>**The Kelkar Task Force** | |
| **17.** | भारत की दुग्ध क्रांति के चरण I (1970-1980) को विश्व खाद्य कार्यक्रम के माध्यम से निम्नलिखित में से किसके द्वारा उपहार में दिए गए स्किम्ड दूध पाउडर और मक्खन तेल (बटर ऑयल) की बिक्री से वित्त पोषित किया गया था ?<br>**यूरोपीय संघ (तब ईईसी)**<br>Phase I (1970-1980) of the milk revolution of India was financed by the sale of skimmed milk powder and butter oil gifted by which of the following through the World Food Programme ?<br>**The European Union (then EEC)** | |
| **18.** | भारत की पंचवर्षीय योजना के किस संस्करण को "गाडगिल योजना" के नाम से भी जाना जाता था ?<br>**तीसरी**<br>Which edition of Five-year plan of India was also known as "Gadgil Yojana" ?<br>**Third** | |
| **19.** | 1981 के किस अधिनियम के माध्यम से संसद द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के निर्माण को मंजूरी दी गई थी ?<br>**अधिनियम 61**<br>The creation of National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) was approved by the Parliament through which Act of 1981 ?<br>**Act 61** | |
| **20.** | बैंकों के राष्ट्रीयकरण के प्रथम चरण के दौरान किस बैंक का राष्ट्रीयकरण नहीं किया गया था ?<br>**विजया बैंक**<br>Which bank was not nationalised during the Phase I of the Nationalisation of Banks ?<br>**Vijaya Bank** | |
| **21.** | निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता राज्यसभा को विधान परिषद् से अलग करती है ?<br>**महाभियोग की शक्ति**<br>Which of the following features distinguishes the Rajya Sabha from the Vidhan Parishad ?<br>**Power of impeachment** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **22.** | भारत के सर्वोच्च न्यायालय का उद्घाटन ______ को किया गया था। उद्घाटन संसद भवन (अब पुराना) में प्रिंसेस के चैंबर में हुआ था।<br>**28 जनवरी, 1950**<br>The Supreme Court of India was inaugurated on the _______. The inauguration had taken place in the Chamber of Princes in the Parliament Building (Now old).<br>**28th January, 1950** | |
| **23.** | राजस्थान पहला राज्य था जहाँ वर्ष 1959 में पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी। इसे सबसे पहले राजस्थान के किस जिले में लागू किया गया था ?<br>**नागौर**<br>Rajasthan was the first state where the Panchayati Raj System was implemented in the year 1959. In which of the following districts of Rajasthan it was implemented first ?<br>**Nagaur** | |
| **24.** | भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत निम्नलिखित में से किस देश के संविधान से अपनाए गए हैं ?<br>**आयरलैंड**<br>The Directive Principles of State Policy are adopted in the Indian Constitution from the Constitution of which of the following countries ?<br>**Ireland** | |
| **25.** | भारतीय संविधान के किस संशोधन ने लोकसभा और विधान सभाओं दोनों में एंग्लो-इंडियन के नामांकन को समाप्त कर दिया है ?<br>**104वाँ संशोधन अधिनियम, 2019**<br>Which amendment of the Indian Constitution has abolished nomination of Anglo-Indians to both the Lok Sabha and Legislative Assemblies ?<br>**104th Amendment Act, 2019** | |
| **26.** | निम्नलिखित में से कौन सा पेड़ मलेरिया के इलाज के लिए दवा प्रदान करता है ?<br>**सिनकोना का पेड़**<br>Which of the following trees provide medicine for treating malaria ?<br>**Cinchona tree** | |
| **27.** | तारों के चमकने का कारण क्या है ?<br>**तारों के प्रकाश का वायुमंडलीय अपवर्तन**<br>What is the reason behind the twinkling of stars ?<br>**Atmospheric refraction of star light.** | |
| **28.** | ______ एल्युमिनियम की मोटी ऑक्साइड परत बनाने की एक प्रक्रिया है।<br>**एनोडाइजिंग**<br>___ is a process of forming a thick oxide layer of Aluminium.<br>**Anodizing** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **29.** | उस प्रक्रिया का नाम बताइए जिसमें टैडपोल वयस्क मेंढकों में विकसित होते हैं ।<br>**कायांतरण (मेटामॉर्फोसिस)**<br>Give name of the process in which tadpoles develop into young frogs.<br>**Metamorphosis** | |
| **30.** | पूरी दुनिया में सबसे तेजी से घटने वाला संसाधन निम्नलिखित में से कौन सा है ?<br>**वन**<br>Which of the following is the most rapidly dwindling resource in the whole world ?<br>**Forests** | |
| **31.** | चार वर्ष पहले, देव और दिनेश की औसत आयु 20 वर्ष थी । यदि आज देव, दिनेश और चिंतन की औसत आयु 25 वर्ष है, तो 7 वर्ष बाद चिंतन की आयु क्या होगी ?<br>**34 वर्ष**<br>Four years ago, the average age of Dev and Dinesh was 20 years. If today average age of Dev, Dinesh and Chintan is 25 years, what will be age of Chintan after 7 years ?<br>**34 years** | |
| **32.** | निम्नलिखित समीकरण का मान क्या होगा ?<br>What will be the value of following equation ?<br>$\frac{2.4 \times 0.72 \times 4.5}{0.18 \times 0.06 \times 0.9} \times 3$<br>**2400** | |
| **33.** | निम्नलिखित में से कौन सा 11 के वर्ग को विषम संख्याओं के योग के रूप में व्यक्त नहीं करता है ?<br>Which of the following doesn't express the square of 11 in terms of sum of odd numbers ?<br>**1+5+7+9+11+13+15+17+21+23** | |
| **34.** | सरल कीजिए / Simplify :<br>$\{9^{-2} \times 3^5 \times (5^{-2})^3\} / \{(3^{-3})^4 \times 5^4\}$<br>$\mathbf{3^{13}/5^{10}}$ | |
| **35.** | दर्शन ने प्रारंभिक परीक्षा में 1200 के अधिकतम अंक के साथ 85% और मुख्य परीक्षा में 800 के अधिकतम अंक के साथ 70% अंक प्राप्त किए । यदि परिणाम दोनों परीक्षाओं के संयुक्त प्रतिशत (%) पर आधारित है, तो संयुक्त प्रतिशत (%) है :<br>Darshan scored 85% in Preliminary exam with a maximum marks of 1200 and 70% in Main exam with a maximum marks of 800. If the result is based on the combined % of the both exams, the combined % is :<br>**79%** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **36.** | 'कंदर्प', 'पंचशर' और 'पुष्पधन्वा' यह निम्नलिखित में से किसके पर्यायवाची शब्द हैं ?<br>**कामदेव** |
| **37.** | निम्न में से संधि का कौन सा युग्म गलत है ?<br>**श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद** |
| **38.** | 'अशर्फियाँ लुटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा ?<br>**बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना ।** |
| **39.** | निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?<br>**रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया ।** |
| **40.** | 'द्विवेदी युग' के प्रवर्तक निम्न में से कौन हैं ?<br>**आचार्य महावीर प्रसाद** |
| **41.** | Which of the following is not an antonym of 'Rabid' ?<br>**Fanatic** |
| **42.** | Give meaning of the following idiom :<br>'A man of straw'<br>**having no integrity** |
| **43.** | Identify a correct spelling from the following :<br>**Connoisseur** |

Read the following paragraph and answer the following questions **(Q. 44 and 45)**

The self-portrait is nothing new. Painters and photographers have always used themselves as subjects. Today, however, almost everyone walks around with a camera in his or her pocket. This is because most cell phones have cameras on them. The fact that most people have cell phone cameras with them all the time has led to the rise of the selfie. A selfie is a self-portrait usually taken with a cell phone.

Since the pictures are usually taken on a cell phone, many people tend to share these photographs with friends and even strangers on different social networking websites. Some of the popular social networking platforms people use to share selfies include Instagram, Snapchat and Facebook. People usually take selfies when they are engaged in normal day-to-day activities. They take selfies of their commutes to work or school. People take selfies of themselves eating. Other people take selfies to show what they are wearing or whom they are hanging out with.

**44.** Is self-portrait a new thing ?

**No. It has existed since long.**

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **45.** | Which social networking platform is not mentioned in the passage ?<br>**Twitter** | |
| **46.** | दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या ज्ञात कीजिए :<br>Find the odd number from given options :<br>**5061** | |
| **47.** | अप्रैल, 2001 की किन तारीखों को बुधवार था ?<br>On what dates of April, 2001 did Wednesday fall ?<br>**4th, 11th, 18th, 25th** | |
| **48.** | बरखा और चंद्रेश भाई–बहन हैं । मनीष के दो बच्चे हैं और वह सुरेश का बेटा है, जो हंसा का ससुर है । हंसा का एक ही बेटा है । चंद्रेश, सुरेश का दामाद नहीं है । बरखा, सुरेश से किस प्रकार संबंधित है ?<br>**पोती**<br>Barkha and Chandresh are siblings. Manish has two children and he is son of Suresh, who is father-in-law of Hansa. Hansa has only one son. Chandresh is not son-in-law of Suresh. How Barkha is related to Suresh ?<br>**Grand Daughter** | |
| **49.** | निम्नलिखित प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं । आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और फिर तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है ।<br>**कथन :** कुछ रेलगाड़ियाँ सड़कें हैं । कोई सड़क जंगल नहीं है । सभी फूल जंगल हैं ।<br>**निष्कर्ष :** I. कुछ रेलगाड़ियाँ फूल हैं ।<br>II. कुछ रेलगाड़ियाँ जंगल हैं ।<br>III. कुछ फूल रेलगाड़ियाँ हैं ।<br>IV. कोई सड़क फूल नहीं है ।<br>**केवल IV अनुसरण करता है ।**<br>In this question, three statements are given followed by four conclusions numbered I, II, III and IV. You have to take the given statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts and then decide which of the given conclusions logically follows from the given statements disregarding commonly known facts.<br>**Statements :** Some trains are roads. No road is jungle. All flowers are jungles.<br>**Conclusions :** I. Some trains are flowers.<br>II. Some trains are jungles.<br>III. Some flowers are trains.<br>IV. No road is flower.<br>**Only IV follows.** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **50.** | इस प्रश्न में, दो कथन A और B दिए गए हैं । ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारण या सामान्य कारण के प्रभाव हो सकते हैं । इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है । दोनों कथनों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।<br>**A :** बेहतर रेलवे नेटवर्क, जैसे नई रेलवे लाइनें बनाने के लिए बजटीय आबंटन में वृद्धि हुई है ।<br>**B :** हवाई यात्रा चुनने वाले यात्रियों की संख्या में काफ़ी गिरावट आई है ।<br>**यदि दोनों कथन A और B स्वतंत्र कारण हैं ।**<br>In this question, two statements A and B are given. These statements may be either independent causes or may be effects of independent cause or a common cause. One of these statements may be the effect of the other statement. Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.<br>**A :** Budgetary allocation for building a better railway network, e.g., constructing new railway lines, has increased.<br>**B :** There has been a substantial drop in the number of passengers opting for air travel.<br>**If both the statements A and B are independent causes.** |
| **51.** | भारतीय सेना के लिए पहले स्थायी आधार नामांकन केंद्र (पीएईसी) का उद्घाटन भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में किया गया है ?<br>**नई दिल्ली**<br>The First Permanent Aadhaar Enrolment Centre (PAEC) for Indian Army has been inaugurated in which of the following States/UTs of India ?<br>**New Delhi** |
| **52.** | निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय ने हाल ही में "राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण की योजना" शुरू की है ?<br>**गृह मंत्रालय**<br>Which of the following Union Ministry has recently launched the "Scheme for Expansion and Modernization of Fire Services in the States" ?<br>**Ministry of Home Affairs** |
| **53.** | पूरे भारत में पोषण संबंधी समझ को बढ़ावा देने के लिए महिला एवं बाल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का कौन सा संस्करण प्रस्तावित किया गया है ?<br>**6ठा**<br>Which edition of Rashtriya Poshan Maah has been proposed by Ministry of Women and Child in order to foster nutritional understanding across India ?<br>**$6^{th}$** |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **54.** | "SaNGRAH – राष्ट्रों के लिए सुरक्षित भोजन : वैश्विक खाद्य नियामक प्राधिकरण हैंडबुक" दुनियाभर के 76 देशों के खाद्य नियामक प्राधिकरणों का एक व्यापक डेटाबेस है । SaNGRAH न केवल हिंदी और अंग्रेजी में बल्कि छह भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध है । यह निम्नलिखित में से किस भाषा में उपलब्ध नहीं है ?<br>**उड़िया**<br>"SaNGRAH – Safe food for Nations : Global food Regulatory Authorities Handbook" is a comprehensive database of Food Regulatory Authorities from 76 countries worldwide. SaNGRAH is available not only in Hindi and English but also in six Indian languages. It is not available in which of the following languages ?<br>**Oriya** |
| **55.** | राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की तीसरी वर्षगाँठ के जश्न के दौरान लॉन्च किए गए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की टैगलाइन क्या है ?<br>**जन जन साक्षर**<br>What is the tagline for Nav Bharat Saksharata Karyakram launched during the celebration of 3$^{rd}$ anniversary of National Education Policy (NEP) 2020 ?<br>**Jan Jan Sakshar** |
| **56.** | निम्नलिखित में से किसने हाल ही में IBSA विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीता है ?<br>**भारतीय महिला ब्लाइंड (दृष्टिबाधित) क्रिकेट टीम**<br>Who among the following has recently won the gold medal at the IBSA World Games ?<br>**Indian Women's Blind Cricket Team** |
| **57.** | वर्ष 2023 के लिए 78वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की थीम का नाम बताएँ ।<br>**विश्वास का पुनर्निर्माण और वैश्विक एकजुटता को फिर से जागृत करना ।**<br>Name the theme of 78$^{th}$ United Nations General Assembly for year 2023.<br>**Rebuilding trust and reigniting global solidarity.** |
| **58.** | हाल ही में, यूरोपीय आयोग ने डेटा गोपनीयता ढाँचे के लिए अपना पर्याप्तता निर्णय अपनाया । पर्याप्तता निर्णय के आधार पर, व्यक्तिगत डेटा यूरोपीय संघ से निम्नलिखित में से किस देश की कंपनियों में स्वतंत्र रूप से प्रवाहित हो सकता है ?<br>**यू.एस.ए.**<br>Recently, the European Commission adopted its adequacy decision for the Data Privacy Framework. On the basis of the adequacy decision, personal data can flow freely from the EU to companies of which of the following countries ?<br>**U.S.A.** |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**59.** हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया ने विश्व खनन कांग्रेस (WMC 2023) के किस संस्करण की मेजबानी की है ?

**26वें**

Recently, Australia has hosted which edition of World Mining Congress (WMC 2023) ?

**$26^{th}$**

**60.** जिम स्केया को 26 जुलाई, 2023 को नैरोबी, केन्या में आयोजित आईपीसीसी के 59वें सत्र में सातवें मूल्यांकन चक्र के लिए आईपीसीसी (जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल) अध्यक्ष के लिए चुना गया है । वह निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित हैं ?

**यूनाइटेड किंगडम**

Jim Skea has been elected for IPCC (Intergovernmental Panel on Climate Change) Chair for the seventh assessment cycle on 26 July, 2023 at the $59^{th}$ Session of the IPCC held in Nairobi, Kenya. He belongs to which of the following countries ?

**United Kingdom**

**61.** दि नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिंग दि हिमालयन इकोसिस्टम (एनएमएसएचई) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत मिशन है । एनएपीसीसी के अंतर्गत कुल कितने मिशन लॉन्च किए गए हैं ?

The National Mission for Sustaining the Himalayan Ecosystem (NMSHE) is the mission under the National Action Plan on Climate Change (NAPCC). In total how many missions were launched under NAPCC ?

**8**

**62.** भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) की स्थापना 1909 में मैसूर शाही परिवार, भारत सरकार और निम्नलिखित में से किस उद्योगपति के बीच एक दूरदर्शी साझेदारी द्वारा की गई थी ?

**जमशेदजी नुसरवानजी टाटा**

The Indian Institute of Science (IISc) was established in 1909 by a visionary partnership between the Mysore Royal Family, the Government of India and which of the following industrialist ?

**Jamsetji Nusserwanji Tata**

**63.** भारत में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?

**14 दिसंबर**

The National Energy Conservation Day is celebrated on which of the following day in India every year ?

**$14^{th}$ December**

**64.** सतमालिया हिरण अभयारण्य भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?

**दादरा और नगर हवेली**

Satmalia Deer Sanctuary is located in which of the following States/UTs of India ?

**Dadra & Nagar Haveli**



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **65.** | निम्नलिखित में से कौन सा भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल का गठन नहीं करता है ?<br>**विधान परिषद् के निर्वाचित सदस्य**<br>Which one of the following does not constitute the electoral college for electing the President of India ?<br>**Elected members of the Legislative Council** | |
| **66.** | "पांगी घाटी" भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?<br>**हिमाचल प्रदेश**<br>"Pangi Valley" is situated at which of the following States/UTs of India ?<br>**Himachal Pradesh** | |
| **67.** | कोलकाता में स्थित पैट विलियम्सन ग्राउंड निम्नलिखित में से किस खेल से सम्बंधित है ?<br>**पोलो**<br>The Pat Williamson Ground situated in Kolkata is associated with which of the following sports ?<br>**Polo** | |
| **68.** | निम्नलिखित में से कौन सी कोमोरोस संघ की राजधानी है ?<br>**मोरोनी**<br>Which of the following is the capital city of the Union of Comoros ?<br>**Moroni** | |
| **69.** | निम्नलिखित में से किसने "निरुक्त – व्युत्पत्ति- विज्ञान, भाषाशास्त्र और शब्दार्थ-विज्ञान पर सबसे पुराना भारतीय ग्रंथ" नामक पुस्तक लिखी थी ?<br>**श्री यस्काचार्य**<br>Who among the following had written a book named "Nirukta – the oldest Indian Treatise on Etymology, Philology and Semantics" ?<br>**Sri Yaskacarya** | |
| **70.** | निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन का मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम में है ?<br>**अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन)**<br>Which of the following international organisations is having their headquarters at London, United Kingdom ?<br>**International Maritime Organisation** | |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(प्र. 71-75)**

हमारे बाल्यकाल के संस्कार ही जीवन का ध्येय निर्धारित करते हैं, अतः यदि शैशव में हमारी संतान ऐसे व्यक्तियों की छाया में ज्ञान प्राप्त करेगी, जिनमें चरित्र तथा सिद्धांत की विशेषता नहीं है, जिनमें संस्कारजनित अनेक दोष हैं, तो फिर उनके चरित्र पर भी उसी की छाप पड़ेगी और भविष्य में उनके ध्येय भी उसी के अनुसार स्वार्थमय तथा अस्थिर होंगे । शिक्षा एक ऐसा कर्तव्य नहीं है जो किसी पुस्तक को प्रथम पृष्ठ से अंतिम पृष्ठ तक पढ़ाने से ही पूर्ण हो जाता हो, वरन् वह ऐसा कर्तव्य है जिसकी परिधि सारे जीवन को घेरे हुए है और पुस्तकें ऐसे साँचे हैं जिनमें ढालकर उसे सुडौल बनाया जा सकता है ।

आत्मनिर्भरता का अर्थ है – अपने ऊपर निर्भर रहना । जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते वे ही आत्मनिर्भर होते हैं । वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है । आत्मनिर्भरता का अर्थ है – समाज, निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना । व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना, आत्मनिर्भरता का प्रतीक है । स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है । सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए । स्वावलंबन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता–प्राप्ति का महामंत्र है । स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है, वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है । सर्वांगीण उन्नति का आधार है ।

जब व्यक्ति स्वावलंबी होगा, उसमें आत्मनिर्भरता होगी, तो ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे वह न कर सके । स्वावलंबी मनुष्य के सामने कोई भी कार्य आ जाए, वह अपने दृढ़ विश्वास से, अपने आत्मबल से उसे अवश्य ही पूर्ण कर लेगा । स्वावलंबी मनुष्य जीवन में कभी भी असफलता का मुँह नहीं देखता । वह जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर कामयाब होता जाता है । सफलता तो स्वावलंबी मनुष्य की दासी बनकर रहती है । जिस व्यक्ति का स्वयं अपने आप पर ही विश्वास नहीं, वह भला क्या कर पाएगा ? परंतु इसके विपरीत जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता होगी, वह कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा । वह जो करेगा सोच समझकर धैर्य से करेगा । मनुष्य में सबसे बड़ी कमी स्वावलंबन का न होना है । सबसे बड़ा गुण भी मनुष्य की आत्मनिर्भरता ही है ।

**71.** जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी कौन सी है ?

**आत्मनिर्भर बनना ।**

**72.** शैशव के शिक्षकों का बच्चे पर क्या असर पड़ता है ?

**शिक्षकों के चरित्र के गुण–दोष सहज ही बच्चे में आ जाते हैं ।**

**73.** सर्वांगीण सफलता–प्राप्ति का महामंत्र लेखक के अनुसार क्या है ?

**आत्मनिर्भरता और आत्मबल**

**74.** 'स्वार्थमय' तथा 'अस्थिर' शब्दों के विलोम रूप क्रमशः किस विकल्प में हैं ?

**निःस्वार्थ – गतिहीन**

**75.** "सफलता", "कार्य" और "आत्मनिर्भरता" शब्दों के लिंग क्रमशः हैं

**स्त्रीलिंग, पुल्लिंग और स्त्रीलिंग**



Provisional Answers

globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(प्र.76 – 80)**

मृत्युंजय और संघमित्र की मित्रता पाटलिपुत्र के जन–जन की जानी बात थी । मृत्युंजय जन–जन द्वारा 'धन्वंतरि' की उपाधि से विभूषित वैद्य थे और संघमित्र समस्त उपाधियों से विमुक्त 'भिक्षु' । मृत्युंजय चरक और सुश्रुत को समर्पित थे, तो संघमित्र बुद्ध के संघ और धर्म को । प्रथम का जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में विश्वास था तो द्वितीय का जीवन के निराकरण और निर्वाण में । दोनों ही दो विपरीत तटों के समान थे, फिर भी उनके मध्य बहने वाली स्नेह–सरिता उन्हें अभिन्न बनाए रखती थी ।

यह आश्चर्य है, जीवन के उपासक वैद्यराज को उस निर्वाण के लोभी के बिना चैन ही नहीं था, पर यह परम आश्चर्य था कि समस्त रोगों को मलों की तरह त्यागने में विश्वास रखने वाला भिक्षु भी वैद्यराज के मोह में फँस अपने निर्वाण को कठिन से कठिनतर बना रहा था । वैद्यराज अपनी वार्ता में संघमित्र से कहते–निर्वाण (मोक्ष) का अर्थ है – आत्मा का मृत्यु पर विजय । संघमित्र हँसकर कहते–देह द्वारा मृत्यु पर विजय मोक्ष नहीं है । देह तो अपने आप में व्याधि है ।

तुम देह की व्याधियों को दूर करके कष्टों से छुटकारा नहीं दिलाते, बल्कि कष्टों के लिए अधिक सुयोग जुटाते हो । देह व्याधि से मुक्ति तो भगवान की शरण में है । वैद्यराज ने कहा – मैं तो देह को भगवान के समीप जीते ही बने रहने का माध्यम मानता हूँ । पर दृष्टियों का यह विरोध उनकी मित्रता के मार्ग में कभी बाधक नहीं हुआ । दोनों अपने कोमल हास और मोहक स्वर से अपने–अपने विचारों को प्रस्तुत करते रहते ।

**76.** देह–व्याधि के निराकरण के बारे में संघमित्र का क्या विचार था ?

**संघमित्र देह व्याधि से मुक्ति भगवान की शरण से मानते थे ।**

**77.** संघमित्र और मृत्युंजय के विषय में कौन सा विकल्प सही है ?

**मित्र होते हुए भी उन दोनों के जीवन सिद्धांत विपरीत थे ।**

**78.** जीवन की संपन्नता और दीर्घायुष्य में किसका विश्वास था ?

**मृत्युंजय का**

**79.** "आत्मा का मृत्यु पर विजय ही मोक्ष है" ऐसा किसका मानना है ?

**मृत्युंजय का**

**80.** व्याधि और सुयोग शब्दों में क्रमशः प्रयुक्त उपसर्ग हैं

**वि और सु**


Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**(प्र. 81-85) :** दिया गया ग्राफ़ 10 शहरों A, B, C, D, E, F, G, H, I, J में तीन दूरसंचार सेवाओं Alpha, Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की संख्या दर्शाता है ।

**(Q. 81–85) :** The given graph represents the number of users of three Telecom services Alpha, Beta and Gamma across 10 cities A, B, C, D, E, F, G, H, I, J.




**81.** सभी दस शहरों में मिलाकर Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या कितनी है ?

What is the total number of users of Beta and Gamma across all ten cities together ?

**11250**

**82.** शहर 'A' में Alpha और Beta के एक साथ उपयोगकर्ताओं की संख्या, 'E' में Beta और Gamma के एक साथ उपयोगकर्ताओं की संख्या का कितना प्रतिशत है ?

The number of users of Alpha and Beta together in city 'A' is what percent of the number of users of Beta and Gamma together in 'E' ?

**85.71%**

**83.** सभी दस शहरों में मिलाकर Alpha और Gamma के उपयोगकर्ताओं की औसत संख्या कितनी है ?

What is the average number of users of Alpha and Gamma across all ten cities together ?

**547.5**

**84.** शहर 'B' में एक साथ Alpha, Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या, शहर 'H' में एक साथ Alpha, Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या की तुलना में लगभग कितने प्रतिशत कम है ?

What approximate percent less are the total number of users of Alpha, Beta and Gamma together in city 'B' compared to the total number of users of Alpha, Beta and Gamma together in city 'H' ?

**21.05%**

**85.** शहर 'D' में एक साथ Alpha, Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की संख्या का शहर 'I' में एक साथ Beta और Gamma के उपयोगकर्ताओं की संख्या से अनुपात क्या है ?

What is the ratio of the number of users of Alpha, Beta and Gamma together in city 'D' to the number of users of Beta and Gamma together in city 'I' ?

**21 : 11**

Provisional Answers




globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**(प्र. 86-90) :** निम्नलिखित रेखा ग्राफ़ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :
निम्नलिखित रेखा ग्राफ़ वर्ष 2023 में कक्षा 6 से 10 तक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के प्रतिशत को दर्शाता है ।

**(Q. 86-90) :** Study the following line graph carefully and answer the questions given below :
The following line graph shows the percentage breakup of students studying in school from Standard 6 to 10 in the year 2023.

**नोट :** विद्यालय में कुल विद्यार्थियों की संख्या 2200 है ।

**Note :** The total number of students in the school is 2200.




**86.** कक्षा 6 और कक्षा 9 में मिलाकर विद्यार्थियों की कुल संख्या, कक्षा 10 में विद्यार्थियों की कुल संख्या से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है ?

The total number of students in Std. 6 and Std. 9 together is approximately what percentage more than that of the total number of students in Std. 10 ?

**187%**

**87.** यदि कक्षा 6 में, लड़कों का लड़कियों से अनुपात 6 : 5 है और कक्षा 6 में लड़कियों की कुल संख्या कक्षा 7 में लड़कियों की कुल संख्या से 50 कम है, तो कक्षा 6 से कक्षा 7 में लड़कों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिये ।

If in Std. 6, the ratio of boys to girls is 6 : 5 and the total number of girls in Std. 6 is 50 less than that of the total number of girls in Std. 7, then find the ratio of the total number of boys in Std. 6 to Std. 7.

**5 : 6**

**88.** यदि 2024 में, कक्षा 6 और कक्षा 7 प्रत्येक में छात्रों की कुल संख्या में 10% की वृद्धि होती है और कक्षा 10 में छात्रों की कुल संख्या में 20% की कमी होती है, तो 2023 में कक्षा 6 और 7 में मिलाकर छात्रों की कुल संख्या और 2024 में कक्षा 10 में छात्रों की कुल संख्या के बीच अंतर क्या है ?

If in 2024, the total number of students in Std. 6 and Std. 7 is increased by 10% each and the total number of students in Std. 10 is decreased by 20%, then what is the difference between the total number of students in Std. 6 and 7 together in 2023 to that of the total number of students in Std. 10 in 2024 ?

**946**



Provisional Answers

globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**89.** कक्षा 8 में लड़कों की कुल संख्या "$x$" है और कक्षा 9 में लड़कों की कुल संख्या "$x + 40$" है । यदि कक्षा 8 और कक्षा 9 में मिलाकर लड़कियों की कुल संख्या 120 है, तो "$x$" का मान ज्ञात कीजिए ।

The total number of boys in Std. 8 is "$x$" and the total number of boys in Std. 9 is "$x + 40$". If the total number of girls in Std. 8 and Std. 9 together is 120, then find the value of "$x$".

**250**

**90.** कक्षा 7 और कक्षा 8 में मिलाकर छात्रों की कुल संख्या और कक्षा 9 और कक्षा 10 में मिलाकर छात्रों की कुल संख्या के बीच कितना अंतर है ?

What is the difference between the total number of students in Std. 7 and Std. 8 together to that of the total number of students in Std. 9 and Std. 10 together ?

**198**

**(प्र. 91-95) :** तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

**(Q. 91-95) :** Study the table carefully and answer the questions given below it :

**केंद्र का सकल वित्तीय घाटा और उसका वित्तपोषण (₹ में)**
**Centre's gross fiscal deficit and its financing (in ₹)**

| **वर्ष / Years** | **वित्तीय घाटा / Fiscal deficit** | **बाज़ार उधार / Market Borrowings** | **अन्य देनदारियाँ / Other Liabilities** | **बजट घाटा / Budget Deficit** |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 68800 | 31440 | 43940 | 1075 |
| 2016-17 | 71350 | 44200 | 28155 | 10925 |
| 2017-18 | 77845 | 31110 | 41660 | 24315 |
| 2018-19 | 99050 | 43500 | 67360 | 1025 |
| 2019-20 | 114850 | 75030 | 45755 | 4345 |
| 2020-21 | 80065 | 68570 | 32750 | — |

**91.** विगत वर्षों में बाजार उधार का औसत कुल वित्तीय घाटे का लगभग कितना प्रतिशत है ?

The average of market borrowings is approximately what percent of the total fiscal deficit over the years ?

**9.57%**

**92.** 2015-16 से 2019-20 तक औसत बजट घाटा (करोड़ में) कितना है ?

**₹ 8,337 करोड़**

What is the average budget deficit from the 2015-16 to 2019-20 (in crore) ?

**₹ 8,337 crore**

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**93.** किस वर्ष में वित्तीय घाटा पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक बढ़ जाता है ?

In which year the fiscal deficit increases by the maximum amount from previous year ?

**2018-19**

**94.** वित्तीय घाटे के सापेक्ष अन्य देनदारियों का प्रतिशत किस वर्ष में सबसे अधिक है ?

In which year is the percent of other liabilities are the highest with respect to fiscal deficit ?

**2018-19**

**95.** कितने वर्षों के लिए वित्तीय घाटे और बाजार उधार का अनुपात 2 से अधिक रहा है ?

For how many years the ratio of fiscal deficit to market borrowing is more than 2 ?

**3**

**(प्र. 96-100) :** निम्नलिखित तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

यह निम्नलिखित तालिका लाभ और हानि से संबंधित है और इसमें कुछ मूल्य लुप्त हैं । सभी छूट अंकित मूल्य (Marked Price) पर हैं और लाभ लागत मूल्य (Cost Price) पर हैं ।

**(Q. 96-100) :** Study the following table chart carefully and answer the questions given below :

This following table is related to profit and loss and some values are missing. All the discounts are on the Marked Price and the profit are on Cost Price.

| **वस्तु / Article** | **लागत मूल्य (₹) / Cost Price (₹)** | **लाभ (%) / Profit (%)** | **अंकित मूल्य (₹) / Marked Price (₹)** | **छूट (%)/ Discount (%)** | **विक्रय मूल्य (₹) / Selling Price (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| जींस/Jeans | 2500 | – | 3000 | – | – |
| शर्ट/Shirt | – | 30% | – | – | – |
| टी-शर्ट/ T-shirt | – | – | 2875 | 14% | – |
| सूट/Suit | 2400 | – | – | – | 2840 |
| साड़ी/Saree | – | 20% | 3800 | – | – |

**96.** यदि सूट का छूट % और लाभ % समान है, सूट का अनुमानित अंकित मूल्य ज्ञात करें ।

If the discount % and profit % of the Suit is same, find out the approximate Marked Price of Suit.

**₹ 3,478**

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | | |
|---|---|---|
| **97.** | यदि जींस का अंकित मूल्य शर्ट के लागत मूल्य से ₹ 420 अधिक है और शर्ट के अंकित मूल्य और विक्रय मूल्य के बीच का अंतर ₹ 750 है, शर्ट पर छूट का प्रतिशत ज्ञात करें ।<br>If the Marked Price of Jeans is ₹ 420 more than the Cost Price of Shirt and the difference between Marked Price and Selling Price of Shirt is ₹ 750, find the discount % of Shirt.<br>**18.27%** |
| **98.** | सूट का लागत मूल्य जीन्स के अंकित मूल्य से कितना प्रतिशत कम है ?<br>Cost Price of Suit is how much percentage less than the Marked Price of Jeans ?<br>**20%** |
| **99.** | टी–शर्ट पर छूट % और लाभ % का अनुपात 7 : 5 है । टी–शर्ट का अनुमानित लागत मूल्य ज्ञात करें ।<br>The ratio of discount % and profit % of the T–shirt is 7 : 5. Find the approximate Cost Price of T–shirt.<br>**₹ 2,248** |
| **100.** | यदि जींस और साड़ी के लागत मूल्य का अनुपात 4 : 5 है, तो साड़ी पर अनुमानित छूट % ज्ञात करें ।<br>If the ratio of the Cost Price of the Jeans and Saree is 4 : 5, find out the approximate discount % of Saree.<br>**1.32%** |

Provisional Answers



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material